हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

06 अभिनंदन सरोवर के पीछे दुकानों का विस्थापन...



07 श्रीराम कथा शुरू, भगवान के दर्शन संत दर्शन में...





## खबर संक्षेप

### स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री होंगे सम्मिलित



**नर्मदापुरम।** प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार 7 नवंबर को प्रदेश के सभी जिलों में वंदे मातरम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में नर्मदापुरम जिले में भी 7 नवंबर को प्रातः 10 बजे से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में वंदे मातरम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय वंदे मातरम के कार्यक्रम में राव उदय प्रताप सिंह सम्मिलित होंगे।

### विहिप नगर अध्यक्ष को पितृ शोक



**माखन नगर।** विश्व हिदू परिषद नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा जनवासा वाले के पिता परमानंद शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को नर्मदा तट चौकाघाट पर किया जाएगा अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे निज निवास से निकाली जाएगी।

## आरोपी के पास से मिली 5 लाख रुपए की ड्रग

# पिपरिया में स्मैक का करोबार करते एक महिला सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के पिपरिया क्षेत्र में हाईप्रोफाइल नशे स्मैक का कारोबार हो रहा है। जिसके लिए स्मैक ड्रग बिकने आ रही है। शिकायतों के बाद पिपरिया पुलिस ने चेकिंग कर स्नैक की तस्करी करते एक युवक को पकड़ा है। आरोपी युवक हेमंत गिरी गोस्वामी (25) निवासी पिपरिया से पुलिस ने 5लाख रुपए कीमत की 21.5ग्राम स्नैक को पकड़ा है। पिपरिया की ही महिला राखी कहार ने स्मैक को बेचने के लिए युवक से बुलाया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस ने सफर कर रहे आरोपी हेमंत गिरी गोस्वामी को शोभापुर रोड पर पिपरिया में बस से पकड़ लिया। जिसके कब्जे से 21.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। स्मैक ड्रग की इस बड़ी कार्रवाई का एसपी साईं कृष्णा थोटा, एएसपी अभिषेक राजन ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता कर खुलासा किया।

शिकायतों के बाद पिपरिया पुलिस ने चेकिंग कर स्मैक की तस्करी करते आरोपी से पुलिस ने 5 लाख रुपए कीमत की 21.5 ग्राम स्मैक को पकड़ा है।



### घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

एसपी सांई कृष्णा थोटा ने बताया लोगों को नशे से बचाने के उद्देश्य से क्षेत्र में चैकिंग बढ़ाई। जानकारी मिली एक युवक हेमंत गिरी गोस्वामी उर्फ अब्बुल नीले रंग का अपर और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए है, जो बस से भोपाल से पिपरिया की ओर आ रहा है। एसडीओपी मोहित यादव के नेतृत्व में थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी और टीम ने घेराबंदी कर बस को रोका। उसमें बैठे उक्त संदिग्ध हेमंत गिरी गोस्वामी की चैकिंग की। कब्जे से स्मैक बरामद हुई। थाने लाकर पूछताछ करने पर आरोपी हेमंत ने महिला राखी कहार निवासी जलधारा कालोनी पिपरिया के लिए लाना स्वीकार किया। मामले में महिला राखी कहार को भी सहआरोपी बनाया है। हाई प्रोफाइल नशे के लिए महिला ने स्मैक को बुलाया था।

### परिवार के अन्य सदस्य भी अन्य मामलों में काट रहे हैं सजा

महिला राखी कहार का पति और सास पहले से गांजे के केस में जेल में सजा काट रहे है। महिला को गिरफ्तार किया वहीं महिला 2 साल के बच्चे को भी अपने साथ में लेकर आई। एसपी सांई कृष्णा थोटा ने स्मैक ड्रग बड़ा खतरनाक नशा होता है। केस में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। एसडीओपी मोहित यादव, मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, एसआई राजेंद्र कुशवाह, भागचंद धुर्वे, आरक्षक हेमंत पटेल, शिवम वर्मा, स्नेह साहू, प्रतीक साहू, साइबर सेल आरक्षक संदीप यदुवंशी की सक्रिय भूमिका रही। टीम को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। आईजी, डीआईजी सर इनाम की राशि बढ़ाई जाने की अनुशंसा की जाएगी।

# बस और आटो की भिड़ंत, 3 लोग हुए घायल, इलाज जारी

### बड़ी पहाड़िया के पास हुई दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में बुधवार रात बैतूल जा रही किलेदार बस ने सामने से आ रहे एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हो गए। ऑटो आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क पर कुछ देर यातायात भी बाधित रहा।

दुर्घटना रात करीब 8:15 बजे बड़ी पहाड़िया सांई कृष्णा रिसॉर्ट के पास हुई। ऑटो ड्राइवर जगदीश जाटव, यात्री दिनेश चौरे और नारायण सिंह को लेकर इटारसी की ओर से नर्मदापुरम आ रहा था। तभी भोपाल से बैतूल की ओर जा रही किलेदार बस क्र. एमपी 48-P-0446 ने सामने से टक्कर मार दी।

घायलों को राहगीरों की मदद से ऑटो से बाहर निकाला गया। बस की सवारियां हादसे के बाद नीचे उतर गईं। घायलों को देहात पुलिस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। ऑटो ड्राइवर जगदीश जाटव के सिर और बाएं हाथ में चोट आई। यात्री दिनेश चौरे के सिर में चोट और नारायण सिंह के सिर और पसली में चोट आई है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत स्थिर है।

घायल ऑटो ड्राइवर ने आरोप लगाया कि बस ड्राइवर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में स्टेयरिंग फेल होने की जानकारी भी सामने आई है। देहात थाना पुलिस एएसआई सुखनंदन नर्रे और प्रवीण शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। बस को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है।

# समेरिटंस इटारसी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज लगेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस समूह सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। समूह ने एक कदम आगे बढ़ते हुए स्थानीय लोगों में मौखिक और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने की पहल की है। इसी कड़ी में समेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल बोरतलाई, इटारसी में स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए शुक्रवार को दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों और उनके अभिभावकों के मौखिक स्वास्थ्य की जाँच करना और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्थानीय लोगों को अपनी मुख संबंधित समस्याओं और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में निःशुल्क परामर्श और उपचार कराने का अवसर मिलेगा। शिविर में प्रतिष्ठित डॉक्टर अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान करेंगे। वहीं समेरिटेंस समूह के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने लोगों से स्वास्थ्य स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# स्टेट हाईवे की स्थिति खराब, मरम्मत के नाम पर हो रहा दिखावा

### नर्मदापुरम-पचमढ़ी हाईवे पर पिछले पांच वर्षों में तीन बार सुधार के बाद भी फिर होने लगे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे की स्थिति वर्ष 2018 के बाद से बहुत खराब है। पिछले सात वर्षों में स्टेट हाईवे सुधार भी हुआ है। लेकिन कार्य में की गई लापरवाही के चलते सड़क पर पुनः गड्ढे होने लगे हैं तथा यात्री परेशान होते हैं।

नर्मदापुरम जिला क्षेत्र के वासियों ने बताया कि नर्मदापुरम से लेकर पचमढ़ी तक स्टेट हाईवे की स्थिति ठीक नहीं है। अक्टूबर 2018 के पहले तक चेतक इंटरप्राइजेज का टोल सिस्टम था तथा यह कंपनी सड़क को वर्ष भर दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी अच्छे से निभाती थी। लेकिन अक्टूबर 2018 के बाद जब चेतक इंटरप्राइजेज का काम बंद हुआ, तो स्टेट हाईवे की स्थिति खराब होती ही



जा रही है व गड्ढे हो गए हैं। नर्मदापुरम, माखन नगर, सोहागपुर, सेमरी हरचंद आदि कस्बों में स्टेट हाईवे की स्थिति खराब है। माखन नगर में सड़क का लगभग 100 फीट का हिस्सा बहुत खराब है। सोहागपुर में भी स्टेट हाईवे की स्थिति ठीक नहीं है। करीब130 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-पचमढ़ी मार्ग में हजारों गड्ढे हो गए हैं। जिसके सुधार की जिम्मेदारी जिला प्रशासन अच्छे से नहीं निभा पा रहा है एवं सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### हुआ सुधार का दिखावा

नागरिकों का कहना है कि वर्ष 2018 के बाद लगभग तीन या चार बार स्टेट हाईवे का सुधार ठेका सिस्टम के आधार पर किया गया है। कई बार डामर की कोटिंग की गई है। लेकिन फिर भी रास्ता दुरुस्त नहीं रह पा रहा है। जिससे स्पष्ट है कि ठेकेदारी प्रक्रिया में गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं किया गया एवं निश्चित रूप से गड़बड़ी हुई है। इसके कारण स्टेट हाईवे के दशा दिनों दिन खराब ही होती जा रही है। नागरिकों ने नर्मदापुरम से पचमढ़ी स्टेट हाईवे क्षेत्र संबंधित तीन विधानसभाओं के विधायकों व जिला प्रशासन से स्टेट हाईवे के सुधार की अपेक्षा की है।

# मास्साब ने संतानों को दिया सेवा करने का संस्कारः विधायक

**सोहागपुर।** स्वर्गीय सरोज मास्साब ने अपनी संतानों को जनहितार्थ कार्य करने के संस्कार दिए हैं। भारतीय संस्कृति अनुसार स्वर्गीय मास्साब ने पिता का अनुकरणीय कर्तव्य निभाया। उक्त बात सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने स्वर्गीय राजऋषि जोगेश कुमार सरोज की श्रद्धांजलि सभा दौरान मीडिया से चर्चा में कही। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में सरोज मास्साब के नाम से ख्यात रहे ब्राह्मण समाज सोहागपुर के मार्गदर्शक व सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी राजऋषि जोगेश कुमार सरोज का गत दिनों 86 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था। श्रद्धांजलि सभा गुरुवार को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर में की गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों एवं आमजनों ने पहुंचकर जन-जन में लोकप्रिय स्वर्गीय सरोज मास्साब को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उन्हें आयु के आखिरी पड़ाव तक कर्मशील व्यक्ति बताया। नपकर्मी अपूर्व सरोज व भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज के पिता स्वर्गीय सरोज की श्रद्धांजलि सभा में रास सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक सविता दीवान, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, आध्यात्मिक गुरु पं. प्रकाश मुद्गल, शिक्षा विभाग कर्मी, नपकर्मी, भाजपा व कांग्रेस नेतागण तथा आमजन उपस्थित हुए। सरोज परिवार के करीबी अभिनव पालीवाल ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा का संचालन भाजपा नेता अधिवक्ता संजय तिवारी ने किया।

# देर से ली मानसून ने विदाई, धान की हालत खराब, मजदूरी भी पड़ रही महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदांचल क्षेत्र में इस वर्ष मानसून ने देर विदा ली है तथा देरी तक मानसूनी बारिश का असर रहा है। जिसके चलते धान की फसल को नुकसान हुआ है एवं किसानों की लागत तक निकलना मुश्किल लग रहा है।

किसानों के अनुसार देर तक हुई बारिश से फसल सूखने के दौर में खेत गीले हुए तथा फसल आड़ी हो गई। आड़ी तथा गीली फसलों के बीच खेतों में हार्वेस्टर जाना भी मुश्किल हो गया है। सोहागपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे की उत्तर दिशा में दूर-दूर तक धान की फसल की खराब स्थिति देखी जा सकती है। जिसके अभी तक कटाई नहीं हो सकी है,



जबकि कटाई का मौसम समाप्ति की ओर है। सोहागपुर में हजारों एकड़ में धान फसल को नुकसान हुआ है। इधर किसान आड़ी पड़ी फसल को हाथ से कटवाने में भी हिचक रहे हैं, क्योंकि इस स्थिति में धान की लागत मिलना भी मुश्किल है। अधिकतर कृषकों को मजदूरी का भुगतान भी जेब से करना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि इस वर्ष बारिश ने धान उत्पादकों को क्षति पहुंचाई है।

# बालिकाओं को दिया पोषण स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत सेक्टर बागरा तवा अंतर्गत ग्राम मानागांव में बालिकाओ पोषण स्वास्थ्य, शिक्षा , स्वच्छता माहवारी संबंधी बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया उक्त प्रशिक्षण में परियोजना अधिकारी श्रीमती सुषमा चौरसिया, पर्यवेक्षक अनीता खापरे , बालिका छात्रावास की अधीक्षक श्रीमती मीनाक्षी अहिरवार आगनवाड़ी कार्यकर्ताएं ,सहायिकाएं एवं समूह की सदस्य,महिलाए उपस्थित रही।

# नपा कार्यालय में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, हुआ समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु नगरपालिका परिषद में प्रति गुरूवार जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। जिसमें नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज नगरपालिका अध्यक्ष यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी पटले द्वारा नागरिकों की समस्याओं सुनी गई तथा उनका समाधान करने संबंधित शाखा को निर्देश दिए गए।

गुरूवार को जनसुनवाई में





राशन कार्ड में नाम जोड़ने, नाली साफ करने तथा स्वच्छता संबंधित शिकायतें आईं जिनका ऑन द स्पाट निराकरण कराया गया। कार्यालय अधीक्षक सोनी ने बताया कि साथ ही कालिका नगर निवासियों ने आवेदन देकर सड़क पर प्लाट काटने की समस्या बताई जिसमें जांच के निर्देश दिए गए।

गुरूवार को जनसुनवाई में नपाध्यक्ष यादव एवं सीएमओ पटले ओर तहसीलदार शक्तितोमर, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया, पार्षद पूजा अर्पित मालवीय, बिंदिया मांझी, दीपिका कुलदीप राठौर, उपयंत्री अंबक पाराशर, दीक्षा तिवारी सहित आवेदक उपस्थित थे।

# मुस्तफ़ा नगर अध्यक्ष, अवस्थी विधानसभा महासचिव बनाए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन के चुनावों के परिणाम आज दोपहर 2 बजे घोषित हुए जिसमे नगर के अध्यक्ष पद पर गुलाम मुस्तफ़ा निर्वाचित हुए वही विधानसभा महसचिव के रूप मे आयुष्मान अवस्थी निर्वाचित हुए इस अवसर पर नगर के कांग्रेसजनों ने स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी। जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार , जिला कार्यवाहक अध्यक्ष फैज़ान उल हक़, नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी , गुलाम हैदर, भूपेश थापक , देवेंद्र दुबे, रोहन जैन, सिराज खान, आफरीद खान, पियूष जैन, ललित मौर्य , अलमास खान, अफ़ज़ल सिद्दीक़ी , शिवम साहू, गुफरान खान आदि ने बधाई दी।

## विधायक के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने सौंपा एसडीएम को आवेदन

# आगामी फसल के लिए किसानों को जलानी पड़ सकती है पराली किसानों पर कड़ी कार्रवाई न करने का भाजपा ने किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोहागपुर क्षेत्र में धान की कटाई में देरी हो रही है व कटाई उपरांत अगली फसल की तैयारी के लिए पराली का निपटारा इसे जलाकर करना पड़ सकता है। इस स्थिति में प्रशासन कोई कड़ी कार्रवाई किसानों पर ना करे, इस मांग का पत्र भाजपाईयों ने गुरुवार को विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में एसडीएम प्रियंका भल्लावी को सौंपा है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल के अनुसार आवेदन पत्र में उल्लेख है कि धान की कटाई में मानसून रवानगी में हुई देरी के कारण समय लग रहा है व अभी भी 15-20 दिन धान कटाई में लगेंगे। जिसके बाद अगली फसल



की तैयारी के लिए किसानों के पास बहुत कम समय बचेगा। अतः संभव है कि किसान अगली फसल की तैयारी के लिए पराली का निपटारण सुरक्षित रूप से जलाकर करेंगे। इस स्थिति में शासन के निर्देशानुसार किसानों पर प्रशासन कोई कड़ी कार्रवाई न करे। आवेदन अनुसार प्रशासन के नियमों के संबंध में सोहागपुर में उचित प्रचार-प्रसार नहीं हो सका है व पराली निपटारे के तकनीकी माध्यम की जानकारी किसानों को नहीं मिली है। अतः संभव है कि किसान पराली जलाएंगे। इस स्थिति में प्रशासन किसानों के हितार्थ कोई कड़ा कदम न उठाए तथा परली के उचित निपटारे में किसानों का सहयोग करे। इस संबंध में एसडीएम से आग्रह किया गया है।

### रात-रात भर सुलग रही खेतों में पराली

**सोहागपुर।** क्षेत्र में किसान रात्रि में पराली जला रहे हैं। धान की कटाई जिन क्षेत्रों में हो गई है, वहां पर पराली को आग के हवाले करने का कार्य शुरू हो गया है। रेलवे ट्रैक के दूसरी ओर खेतों में धान की कटाई के बाद बची पराली को जलाया जा रहा है। रात्रि में दूर-दूर तक खेतों से उठती तीव्र लपटों को देखा जा सकता है।



# मेले में लगी स्थानीय दुकानों का अवलोकन कर की खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने बुधवार को बांद्राभान पहुंचकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे, एसडीएम जय सोलंकी, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, जनपद पंचायत के सीईओ रंजीत तराम, प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर मीना ने मेला क्षेत्र में लगी स्थानीय दुकानों का विस्तार से भ्रमण किया। उन्होंने हस्तनिर्मित बर्तनों, पारंपरिक सजावटी सामग्री, स्थानीय उत्पाद आदि की दुकानदारों से संवाद किया।

## खबर संक्षेप

### भैरव जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**बैतूल।** श्री सागौन वाले बाबा दरबार निराला समिति के तत्वावधान में भैरव जयंती की तैयारियों को लेकर सागौन बाबा दरबार में बैठक संपन्न हुई। इस संबंध में समिति के अनिल कुबड़े ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार 12 नवम्बर को परशुराम चौक पर भगवान श्री बटुकनाथ काल भैरव का अभिषेक, हवन-पूजन और श्रृंगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। समापन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारे के साथ होगा।

### 14 नवंबर को होगी बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा

**बैतूल।** आचार्य युथ सोसाइटी एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में 14 नवंबर दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। गोपाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 10 बजे देश के प्रथम प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की जाएगी एवं केक काटकर बच्चों को वितरित किया जाएगा एवं 11 बजे से बच्चों की फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा फैंसी ड्रेस स्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चों को शील्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### आपरेटरों को दिया अनमोल 2.0 साफ्टवेयर का प्रशिक्षण

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में 6 नवम्बर को अनमोल 2.0 साफ्टवेयर में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए बीपीएम एवं डाटा एन्ट्री आपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा बताया गया कि साफ्टवेयर से संबंधित, प्रसव अपडेशन, ई-केवायसी, डीबीटी अपडेशन, हाई रिस्क माताओं का चिन्हांकन एवं प्रबंधन, एचएमआईएस एवं टीकाकरण से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदाय की गई।

### वर्षों बाद भी स्थाई ठिकाने से वंचित 85 दुकानदार

# अभिनंदन सरोवर के पीछे दुकानों का विस्थापन अब भी है अधूरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

**अभिनंदन सरोवर के पीछे नगरपालिका द्वारा 85 दुकानदारों को विस्थापित कर दुकानें लगाने भूखंड तो आवंटित कर दिए हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यह मार्केट अब तक शुरू नहीं हो सका है।**

नगरपालिका ने इन दुकानदारों को विस्थापन के तहत टीनशेड लगाकर दुकानें बनाने की अनुमति दी थी। हालांकि, दो महीने बीतने के बाद भी यहां न तो बिजली की व्यवस्था हुई है, न ही सडक़ और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। बिजली व्यवस्था न होने से दुकानदार अब भी सडक़ किनारे अतिक्रमण कर दुकानें चला रहे हैं। इनमें से अधिकांश दुकानदारों का व्यवसाय बिजली पर आधारित है। ऐसे में बिना बिजली उनकी दुकानें चल पाना संभव नहीं है। कई दुकानदारों ने अपने खर्च पर टीनशेड डालकर दुकानें तैयार भी कर ली हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें शुरू नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह वही 85 दुकानदार हैं, जिनसे वर्ष 2005 में नगरपालिका ने विस्थापन के नाम पर 5-5 हजार रुपए जमा कराए थे। लंबे इंतजार के बाद करीब 20 साल बाद इनका पुनर्वास तो किया गया, लेकिन अधूरे प्रबंधन की वजह से वह अब भी स्थायी ठौर से वंचित हैं।

#### दुकानें बनवाने विधायक ने दी थी सहायता राशि

स्थानीय विधायक द्वारा इन दुकानदारों को सहायता राशि भी दी गई थी, ताकि वे एक जैसी दुकानें बनवा सकें। कुछ दुकानदारों ने यहां टीनशेड से दुकानों का निर्माण तो कर लिया है, लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण दुकानों का संचालन शुरू नहीं कर पा रहे है। दुकानदारों का कहना है कि नगरपालिका ने दुकानदारों को विस्थापित करने के लिए भूखंड तो आवंटित कर दिये, लेकिन अन्य सुविधाएं अभी तक उपलब्ध नहीं कराई है। सुविधाओं के अभाव में न दुकानदारें दुकानें शुरू कर पा रहे है और न ही ग्राहक आ रहे है। इसी वजह से टीनशेड की दुकानें बनाने के बावजूद दुकानों का संचालन शुरू नहीं कर पा रहे है।

#### बिजली नहीं होने से दुकानदार परेशान

अभिनंदन सरोवर के पीछे नगरपालिका ने 85 दुकानदारों को विस्थापित कर दुकानें लगाने भूखंड आवंटित किये है। लेकिन बिजली कनेक्शन के लिए अभी तक ट्रांसफार्मर, पोल और लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। बताया गया कि नगरपालिका ने यहां ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली की व्यवस्था के लिए एमपीईबी को फीस जमा कर दिया है। जिसके बाद अब जल्द ही बिजली की व्यवस्था होने की उम्मीद है, लेकिन सडक़ को लेकर अभी तक नपा द्वारा कोई ठोस योजना नहीं बनाई है। सूत्रों के अनुसार नगरपालिका ने यहां दुकानदारों को अस्थाई रूप से व्यवस्था की है। भविष्य में शासन का कोई प्रोजेक्ट आता है तो फिर उसके अनुसार काम किया जायेगा। फिलहाल दुकानदारों का काम चल जाये, वह सारी व्यवस्थाएं की जायेगी।

#### सड़क किनारे लगा रहे दुकानें

भूखंड आवंटित और दुकानें बनाने के बाद भी दुकानदार सडक़ किनारे अस्थाई रूप से दुकानें लगा रहे है। जिससे शहर की सडक़ों पर अतिक्रमण तो नजर आता ही है, साथ ही सडक़ों की चौड़ाई प्रभावित होने से बार-बार जाम और दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता है। सबसे खराब स्थिति साप्ताहिक बाजार वाले दिन निर्मित होती है, जब अस्थाई दुकानदारों के अलावा सब्जी बाजार में दुकान लगाने वाले विक्रेता आते है। इससे व्यवस्थाएं पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाती है। साप्ताहिक बाजार वाले दिन तो हालात इतने खराब हो जाते है कि लोगों को घंटो जाम में फंसे रहना पड़ता है।

#### व्यवस्था की जाएगी

बिजली व्यवस्था के लिए एमपीईबी में फीस जमा कर दी है। अब एमपीईबी बिजली व्यवस्था करेगी। दुकानदारों के लिए फिलहाल अस्थाई रूप से व्यवस्था की गई है, इसलिए सड़क निर्माण नहीं करवा पाएंगे। केवल मुरम डाल सकते हैं। यदि शासन को कोई प्रोजेक्ट आता है तो फिर उसके अनुसार काम किया जाएगा। फिलहाल दुकानदारों का काम चल जाये, ऐसी पूरी व्यवस्था की जाएगी।

- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### मिसाल बना गुरुनानकदेव जी का प्रकाश पर्व

## पूज्य सिंधी पंचायत के लंगर प्रसादी का हजारों श्रद्धालुओं ने लिया लाभ



**बैतूल।** शहर में इस बार श्री गुरुनानक देव जी का 556 वां प्रकाश पर्व पूर्ण हर्षोल्लास से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शबद कीर्तन, कविता पाठ, अखंड पाठ, नगर कीर्तन यात्रा व लगातार पिछले पंद्रह दिनों पहले से गुरु ग्रंथ साहब का पाठ कर मनाया गया।

पुज्य सिंधी पंचायत बैतूल अध्यक्ष नरेन्द्र हिरानी एवं सचिव गजानंद बंटी मोटवानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत के बैनर तले सामाजिक बंधुओं द्वारा झूलेलाल मंदिर में पिछले 15 दिनों से अखंड पाठ शुरू कर प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था जिसका समापन आज बुधवार को गुरूनानक जयंती के अवसर पर मोहन कालोनी सिविल



लाइन में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं झूलेलाल मंदिर में 12 से 2 बजे तक भोग साहिब के बाद न्यू बैतूल स्कूल गंज में विशाल लंगर का आयोजन कर किया गया। लंगर में शहर हजारों गणमान्य लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। पुज्य सिंधी समाज के सक्रिय सदस्य धीरज हिरानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामाजिक बंधुओ के अलावा लंगर में पधारे सभी समाज के नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

### खंडेलवाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## कैट के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद से स्थानीय नेताओं ने की मुलाकात



**बैतूल।** मध्यप्रदेश कैट की कोर समिति की भोपाल बैठक में शामिल होने राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल पहुंचे, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी रुके हुए थे। प्रवीण खंडेलवाल एवं हेमंत खंडेलवाल ने एक दूसरे को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया व कैट के संबंध में चर्चा की। राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कैट के प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल एवं योगी खंडेलवाल द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सुनील जैन, पवन जैन, धर्मेंद्र शर्मा और प्रवीण जी के साथ आए दिल्ली के भाजपा नेता शर्मा जी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग समय-समय पर करता है मतदाता सूची का शुद्धिकरण: हखंडेलवाल

### आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में गुरूवार को आगामी कार्यक्रमो को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनिरीक्षण (एसआईआर) समय समय पर शुद्धिकरण की प्रक्रिया करते रहा है। इसी क्रम में मतदाता सूची का निरीक्षण प्रारंभ हो रहा है जिसमें हर कार्यक्रम और पदाधिकारी को सजग रहते हुए प्रक्रिया को संपन्न कराने की जिम्मेदारी रहेगी। इसके साथ साथ वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएगें। पूरे नियमो और सम्मान के साथ राष्ट्रगीत हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के साथ साथ 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। जिसमें हर कार्यक्रर्ता शामिल हो ऐसे प्रयास करने है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि हमें मल्टीटास्क कार्य पूरे करने है एक साथ कई कार्यक्रम चलने है जिन्हे सफलता पूर्वक संपन्न कराना हमारी जिम्मेदारी है। मतदाता सूची का पुनिरीक्षण कार्यक्रम पूरी सजगता के साथ संपन्न हो बोगस मतदाता सूची से बाहर हो और सही मतदाता न छुटे इसको लेकर सावधानी के साथ सतत रूप से पूरी प्रक्रिया के साथ जवाबदेही को समझते हुए चलना पडेगा। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म स्थल तक निकलने वाली यात्रा लोकसभा व राष्ट्रीय स्तर पर निकाली जाएगी वहीं वंदे मातरम् के 150 वर्ष के कार्यक्रम मंडल स्तर पर होगें। जिन्हे नियमो के तहत पूरा करना है। इसके साथ ही भगवान बिरसा मुण्डा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में हमें मनाना है। भगवान बिरसा मुण्डा हर भारतीय नागरिक के लिए प्रेरक व्यक्तित्तव है। उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके प्रयास करने है। बैठक को संबोधित करते हुए जनजातीय मोर्चे के प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने कहा कि स्थानीय स्त्रतंत्रता सैनानीयों की कर्म स्थली से जनजातीय गौरव दिवस को लेकर रथयात्रा निकाली जाएगी।

## 17 को भारतीय मजदूर संघ का मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन



**सारनी।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा जिला मुख्यालय पर आगामी 17 नवंबर को धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसमें कर्मचारी हितों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

उक्त प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर सारनी में बीएमएस से संबंद्ध नगर पालिका मजदूर संघ की आवश्यक बैठक हुई। भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध नगर पालिक मजदूर संघ बैतूल के जिलाध्यक्ष केके भावसार ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाब राव गायकवाड़ के निर्देशन में 17 नवंबर को बैतूल जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसे लेकर सारनी में नगर पालिका मजदूर संघ की बैठक हुई। इसमें अधिक से अधिक संख्या में कर्मचारियों को जिला मुख्यालय पहुंचने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि जिला मंत्री गायकवाड द्वारा जिले की समस्त नगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। नगरीय निकाय बैतूल, सारनी, मुलताई, आमला, आठनेर, चिचोली, भैंसदेही, बैतूल बाजार, शाहपुर, घोड़ाडोगरी, नगरपालिकाओं के प्रतिनिधियों से कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा कर जिला स्तर पर ज्ञापन देने हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने हेतु अपील की गई। संघ मुख्य रूप से दैनिक वेतन भोगियों को नियमित करना, ई हाजरी में तकनीकी समस्याओं का निराकरण करना, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप स्वास्थ सेवा राज्य सरकार भी लागू करे।

### लोगों ने कहा-एसआईआर सही है

## एसआईआर में मतदाताओं की बढ़ी रुचि, द्वार-द्वार पहुंच रहे बीएलओ



**आमला।** सरकार की मंशाअनुरूप देश के कई प्रांतों में शुरू हुई एसआईआर यानी गहन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रदेश में भी शुरू हो चुकी है, इसके लिए आमला सारणी विधानसभा क्षेत्र में 276 बीएलओ को नियुक्त किया गया है।

निर्वाचन आयोग आमला के प्रभारी दिलीप सोनपुरे ने बताया है कि एस.आई.आर की प्रक्रिया आमला सारणी विधानसभा क्षेत्र में शुरू की जा चुकी है, जो 4 दिसंबर तक चलेगी, इसके बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावे आपत्ति स्वीकार किए जाएंगे। 31 जनवरी 2026 को पूरे विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की अंतिम सूची तैयार की जाएगी, इसके लिए निर्वाचन में लगे सभी कर्मचारी पूरी गंभीरता से काम कर रहे है,साथ ही आम लोगों एवं जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है, बताया गया है कि निर्वाचन द्वारा एस.आई.आर सतत चलने वाली प्रक्रिया है, किंतु इस बार बेहद छोटी-छोटी चीजों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि मतदाताओं की एक आदर्श सूची तैयार की जा सके। भारतीय निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार आदर्श मतदाता सूची तैयार करने के लिए वर्ष 2003 को एक बड़ा आधार माना जा रहा है, जैसे की 2003 के बाद 2025 तक जो मतदाता सूची में जुड़े हैं वो 2003 में किस क्षेत्र की मतदाता सूची में जुड़े थे, या फिर बाद में जुड़े हैं पूर्व का कोई रिकॉर्ड स्वयं का परिवार का जो भी हो बीएलओ को बताना पड़ेगा, इसके लिए यानी स्वयं का या परिवार के किसी अन्य लोगों का मतदाता सूची की भाग संख्या और सरल क्रमांक बताने से भी काम चल सकता है,लेकिन नवीन मतदाता पत्र के लिए दो रंगीन फोटो और कुछ मामूली जानकारी भी बीएलओ को उपलब्ध कराना होगा,जैसा कि यहां बताया गया है कि घर-घर पहुंचने वाले बीएलओ सिर्फ एक बार ही नहीं बल्कि कई बार मतदाताओं के घर पहुंचेंगे ताकि कोई भी त्रुटि की संभावना ना रहे।

#### अगले माह दावा आपत्ति

एसआईआर के लिए निर्वाचन आयोग पिछले कुछ दिनों से लगातार बैठके कर रहा है। निर्वाचन आयोग की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अगले माह 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावे आपत्ति पर भी गंभीरता से काम किया जाना है। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## संभागायुक्त ने प्रगतिरत मेढा समूह जल परियोजना का किया निरीक्षण

### नल जल योजनाओं का भी लिया जायजा



**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को जिले का सघन भ्रमण कर मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने झल्लार के ग्राम मेढ़ा में प्रगतिरत मेढा समूह जल परियोजना का निरीक्षण लिया। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों से परियोजना में इंटेकवेल, एप्रोच ब्रिज, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और पाइपलाइन बिछाने के कार्य की जानकारी ली। उन्होंने परियोजना के कॉन्ट्रैक्टर को कार्य में गति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री बघेल सहित जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहें। इसके बाद संभागायुक्त श्री तिवारी ग्राम पंचायत टेमुरनी पहुंचे ओर यहां नल जल योजना के क्रियान्वयन का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि आपके घरों में नल से पानी आ रहा है या नही? जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में हर सुबह 5 बजे से 9 बजे के बीच आधे घंटे के लिए नल से पानी आता हैं, जिससे पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जाती हैं। उन्होंने ट्यूबवेल चालू करवाकर नलों में पानी की स्थिति का भी जायजा लिया। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री बघेल ने बताया कि ग्राम टेमुरनी की नल जल योजना का कार्य जनवरी 2024 में पूर्ण कर लिया गया था।

### भावांतर भुगतान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# संभागायुक्त ने किया बैतूल मंडी का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ गुरुवार को बैतूल मुख्यालय स्थित बडोरा कृषि उपज मंडी का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सोयाबीन नीलामी प्रक्रिया का जायजा लिया। निरीक्षण में भावांतर भुगतान योजना में पंजीकृत किसानों द्वारा अपनी उपज की बिक्री का अवलोकन किया गया। इस दौरान पंजीकृत कृषक द्वारा अपनी सोयाबीन 4511 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से व्यापारी को बेचे जाने की प्रक्रिया संभागायुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होंने ग्राम रानीपुर के कृषक धनराज और हिरावाड़ी के कृषक अशोक राठौर से चर्चा कर भुगतान की समयावधि की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि अधिकांश मामलों में भुगतान उसी दिन या तौल लंबित रहने पर अगले दिन मिल जाता है। संभागायुक्त श्री तिवारी ने भारसाधक अधिकारी एवं मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें। किसानों को उपज विक्रय में परेशानी न आए और शिकायतों का त्वरित निराकरण हो। भावांतर भुगतान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मंडी सचिव ने बताया कि जो किसान अपनी उपज को सुखाकर और साफ-सुथरा कर ला रहे हैं, उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है, जबकि निम्न गुणवत्ता की उपज के भाव में कमी आ रही है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी उपज को नमी रहित और स्वच्छ अवस्था में मंडी तक लाएं, ताकि उन्हें अधिकतम मूल्य और भावांतर की राशि का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, उपायुक्त नर्मदापुरम संभाग गणेश अग्रवाल, एसडीएम अभिजीत सिंह, मंडी सचिव श्री परते, उप संचालक कृषि आनंद कुमार बड़ोनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आठनेर जनपद और तहसील कार्यालय का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

### ई-ऑफिस का प्रभावी संचालन के दिए निर्देश



**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ आठनेर जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन, कार्य विभाजन, बायोमेट्रिक उपस्थिति और कार्यालयीन कार्यों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, उपायुक्त गणेश अग्रवाल और जनपद अध्यक्ष आठनेर श्रीमती रोशनी यादव भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने सबसे पहले जनपद पंचायत कार्यालय का दौरा कर जनपद सीईओ से ई-ऑफिस के संचालन की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों की आईडी तैयार कर ई-ऑफिस को पूर्णतः सक्रिय किया जाए तथा आवक-जावक सहित किसी भी फाइल का संचालन ऑफलाइन न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की सभी फाइलों को भी ई-ऑफिस में दर्ज किया जाए और कार्यालय की स्थापना तथा विकास कार्यों के संबंध में व्यवस्थित एवं स्पष्ट कार्य-विभाजन सुनिश्चित किया जाए।

**खबर संक्षेप**

### बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे।

### स्कूल बना शराबियों का अड्डा, बच्चों पर पड़ रहा गलत असर

# ग्रापं राला में खुलेआम देशी शराब की बिक्री, पुलिस-प्रशासन बेखबर

मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे हरिभूमि संवाददाता द्वारा विद्यालय का निरीक्षण करने पर परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें व नमकीन-चिप्स के पैकेट पाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा विकासखंड के ग्राम पंचायत राला स्थित प्राथमिक विद्यालय का वातावरण इन दिनों बिगड़ता जा रहा है। शाम ढलते ही विद्यालय परिसर में नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। सुबह जब बच्चे स्कूल पहुँचते हैं, तो परिसर में देशी शराब की खाली बोतलें, सिगरेट-बीड़ी और तंबाकू के रैपर बिखरे दिखाई देते हैं।

मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे हरिभूमि संवाददाता द्वारा विद्यालय का निरीक्षण करने पर परिसर में जगह-जगह शराब की खाली बोतलें व नमकीन-चिप्स के पैकेट पाए गए। विद्यालय के शिक्षक प्रीतम सिंह ने बताया कि, "शाम होते ही कुछ लोग दीवार फांदकर स्कूल में घुस आते हैं और शराब पीते हैं। कई बार इसकी सूचना सरपंच, सचिव व विभाग को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### ग्रामीणों ने जताई चिंता

स्थानीय निवासियों ने बताया कि रात में स्कूल में शराबखोरी, झगड़े और गाली-गलौज की घटनाएं आम हो गई हैं। इससे



आसपास के परिवारों में भय का माहौल है और बच्चे डर के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

#### ग्राम पंचायत में खुलेआम शराब बिक्री

ग्राम पंचायत राला में करीब एक दर्जन स्थानों पर देशी शराब

#### प्रशासन ने कहा – होगी कार्रवाई

बीआरसी विजय पवार ने बताया कि मामले की जानकारी मिल चुकी है। विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा और पुलिस अधिकारी को सूचना दी जाएगी। स्कूल परिसर में शराब पीने वालों पर कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के परिजनों ने शिक्षा विभाग, पुलिस से मांग की है कि विद्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने व बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रहे और ग्राम का माहौल स्वच्छ बन सके।



की खुलेआम बिक्री जारी है। सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बजाज ने बताया कि "थाना पुलिस को मौखिक शिकायत दी गई थी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने वालों को एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है।

## मतदाता सूची के एसआईआर के तहत घर-घर जाकर किए जा रहे हैं गणना पत्रक वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है।

इसके पश्चात 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

## करोड़ों की लागत से बनाया जा रहा श्री सिद्ध हनुमान मंदिर नए साल में होगी प्राण-प्रतिष्ठा



**सीहोर।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर, जिन्हें संकट मोचन माना जाता है, अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के रूप में प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन नए साल में किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा।

इसे लेकर शहर सहित आसपास के दानदाताओं ने सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और ऐतिहासिक भंडारे के लिए सहयोग देना शुरू कर दिया है। सोमवार को जमोनिया निवासी जगदीश विश्वकर्मा ने भंडारे में 51 क्विंटल आटा, 21 क्विंटल शक्कर, डेढ़ क्विंटल तेल के अलावा शुद्ध घी दान किया।

232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मलीन पिता श्री द्वारा करीब 232 से अधिक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा चुका है और हमारे द्वारा भी अब तक 88 से अधिक मंदिरों के जीर्णोद्धार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा हो चुकी है। करीब 12 मंदिर निर्माणाधीन हैं। इन मंदिरों में शहर का हनुमान मंदिर करीब 60 साल पहले ब्रह्मलीन सूरदास महाराज मनोहर दास द्वारा बनाया गया था, जो दयनीय स्थिति में था, लेकिन अब राजस्थान से मंगवाए पत्थरों की नक्काशी से मंदिर दिव्य स्वरूप में झलक रहा है।

हनुमान जयंती पर होगी प्राण-प्रतिष्ठा इस मंदिर की सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन हनुमान जयंती के अवसर पर किया जाएगा। जनवरी तक मंदिर परिसर पूर्ण हो जाएगा, इसके बाद सात दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध धर्म आचार्यों की उपस्थिति में आयोजन को पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शास्त्री, संस्कार मंच से मनोज दीक्षित मामा, जगदीश मंदिर चल समारोह के अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार, प्रजापति समाज से सुनील प्रजापति मौजूद रहे।

## सीहोर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की जसपाल सिंह अरोरा ने की अगवानी



**सीहोर।** सिख धर्म के संस्थापक गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर के गंगा आश्रम स्थित गुरुद्वारे पहुंचे। यहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उनकी भव्य अगवानी की।

इस दौरान श्री अरोरा ने केंद्रीय मंत्री को फूलमाला पहनाई। गुरुद्वारा पहुंचे शिवराज सिंह चौहान ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर वहां उपस्थित सिख समुदाय के लोगों को बधाई, शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लंगर में सेवा कार्य भी किया। लोगों को प्रसादी का वितरण भी किया। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने भी समस्त प्रदेश एवं जिलेवासियों को गुरुनानक जयंती की बधाई, शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि गुरुनानक साहब की जयंती पर यहां शबद कीर्तन, दीवान और अरदास का विशेष आयोजन किया गया। इसके साथ ही लंगर का भी आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लंगर में प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, अरोरा मित्र मंडल सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कॉलेज और विद्यालयों में चलाया जाएगा नशा मुक्त भारत अभियान

**सीहोर।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कॉलेजों और विद्यालयों में छात्रों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने और उन्हें जागरूक करने के लिए कई तरह की गतिविधियां आयोजित कर रही है। इन अभियानों में जागरूकता सत्र, सेमीनार, नुक्कड़ नाटक, क्विज़ प्रतियोगिताएं और शपथ जैसे कार्यक्रम शामिल हैं ताकि एक नशा मुक्त समाज का निर्माण हो सके। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित



संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यहां पर उपस्थित संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने कहे। इस मौके पर उन्होंने कहाकि भारत सरकार और मप्र सरकार के सहयोग से संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के संचालक राहुल सिंह के द्वारा कालेज और विद्यालयों में जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आप अभियान के स्वयंसेवक बन सकते हैं और जागरूकता कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, बाबू सिंह, अजय, अंकित शर्मा, कमलेश राय आदि ने यहां पर आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और इसके पश्चात संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी और केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने पुरस्कार वितरण किया।

## विभाग ने माना सार्थक ऐप में हो रहा था घोटाला

खबर का असर

**बुधनी।** हाल ही में हरिभूमि ने अटेंडेंस पूरी सिविल अस्पताल से डॉक्टर नदारद मरीज परेशान नामक शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसमें डॉक्टरों की अनुपस्थिति एवं मरीजो के परेशान होने की बात कही गई थी वहीं यह अंदेशा भी जाहिर किया गया था कि डॉक्टरो ने सार्थक ऐप मैं बिना अस्पताल पहुंचे अटेंडेंस लगाने की तरकीब ईजाद कर ली है बात बिल्कुल सही निकली हाल ही में खबरों पर संज्ञान लेते हुए सरकार ने सार्थक ऐप की जांच करवाई जिसमें पाया गया कि जिले के 32और सिविल अस्पताल बुधनी के 07 डॉक्टर सार्थक ऐप में अनैतिक तरीके से फोटो लगाकर उपस्थिति दर्ज करवा रहे थे इस पर सीएमएचओ डॉ सुधीर डहरिया ने इन सभी डॉक्टरों को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में स्पष्टीकरण देने की बात कही है।


अटेंडेंस पूरी, सिविल अस्पताल से डॉक्टर नदारद, मरीज परेशान


## मोक्ष के लिए श्रद्धा, ज्ञान और आचरण की एकता जरूरी: मुनिश्री अक्षय सागर



**सीहोर।** मुनिश्री अक्षय सागर ने कहा कि जीव अनंतकाल से जन्म-मरण के दुख में भटक रहा है। इसका कारण मिथ्या मान्यता है। कभी श्रद्धा, कभी ज्ञान, तो कभी तप से मोक्ष की कल्पना की गई। लेकिन इनसे अकेले मोक्ष नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुसार सिर्फ श्रद्धा, सिर्फ ज्ञान या सिर्फ आचरण से मोक्ष नहीं मिलता। तीनों की एकता जरूरी है। मुनिश्री ने बताया कि अगर किसी में श्रद्धा है, लेकिन ज्ञान और आचरण नहीं है, तो वह मोक्ष का पात्र नहीं बन सकता। इसी तरह केवल आचरण हो, लेकिन श्रद्धा और ज्ञान न हो, तब भी मोक्ष नहीं मिलेगा। जब श्रद्धा, ज्ञान और आचरण तीनों एक साथ हों, तभी मोक्ष संभव है। उन्होंने कहा कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक चारित्र की एकता ही मोक्ष का मार्ग है। सम्यग्दर्शन का अर्थ है सत्य और सम श्रद्धा। सम्यग्ज्ञान वह है जो वस्तु के स्वरूप को बिना संदेह, बिना विपरीतता और बिना कमी-बेशी के जानता है। सम्यग्ज्ञान के पांच प्रकार हैं—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान। मुनिश्री ने बताया कि आचार्य उमा स्वामी ने तत्वार्थसूत्र में मुक्ति का पहला सूत्र सम्यग्दर्शन बताया है। आत्मा के अनंत गुणों को समझकर ही मोक्ष की दिशा में बढ़ा जा सकता है। सम्यक चारित्र जो कार्य करने से अशुभ कर्म का बंध होता है। वह कार्य न करना चारित्र है। पाप क्रिया में निवृत्ति को सम्यक चारित्र कहते हैं।

### बसपा कार्यालय सीहोर में बहुजन समाज पार्टी बैठक में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विषेश गहन पुनरीक्षण कार्य के प्रति मतदाताओं को करें जागरूक: कमलेश दोहरे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर की बैठक का आयोजन बसपा कार्यालय सीहोर में मुख्य अतिथि एड. कमलेश दोहरे जोन प्रभारी बसपा सागर द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विषेश गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं से सतर्क एवं सावधान और सतर्क रहकर सभी मतदाताओं को वोट अधिकार सुरक्षित रहें, कोई पात्र मतदाता छूटे ना और कोई ग़लत नाम जुडन्ने ना पाए।

इसके लिए बीएलए-2 सभी पोलिंग पर नियुक्ति कराएं और जागरूक रहकर कार्य करने का आह्वान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध कराकर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। इसमें डी.बी. बड़ोदिया को जिला

कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में अनोखीलाल मालवीय जिला प्रभारी, नर्मदा प्रसाद सागर फोजी जिला प्रभारी, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष साकिर अली, जिलाउपाध्यक्ष नरसिंह भारतीय, महासचिव कोमल नागर, सचिव डी.बी. बड़ोदिया, लक्ष्मीनारयण अहिरवार, आंनद घावरी, देवकरण कुरल, धीरब अहिरवार, थानसिह, सरोज मालवीय, बलराम पैठारी विधानसभा उपाध्यक्ष बसपा बुदनी, अर्जुन बौद्ध विधानसभा महासचिव बसपा बुदनी, रोशन बरखने सेक्टर महासचिव भैरूदा, सोहन जानपुरे, ओमप्रकाश भिलाला, जे.पी. मेहरा, हरिशंकर मेहरा, आकाश सरसवाल इछावर, लखनलाल बड़ोदिया विधानसभा अध्यक्ष इछावर, सरोज मालवीय सचिव इछावर, देववक्श बामनिया विधानसभा महासचिव इछावर सहित विधानसभा के सभी जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत पेंशनर्स एकता मंच बनेगा 5 जनवरी को मिलन समारोह



**सीहोर।** विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सोमवार को हुई। संचालन वरिष्ठ सदस्य एसएस नरेड़ा के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में विद्युत पेंशनर्स एकता मंच बनाने का निर्णय लिया गया। इसके जरिए प्रदेश के सभी विद्युत पेंशनर्स को एक मंच पर लाया जाएगा। शासन से 11 प्रतिशत डीए के एरियर का भुगतान जल्द करने की मांग की गई। यह एरियर अब तक जारी नहीं हुआ है। विद्युत विभाग के निजीकरण पर चिंता जताई गई। पेंशनर्स के हितों की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग रखी गई। दीपावली और नए साल का मिलन समारोह 5 जनवरी 2026 को होगा। हर पेंशनर से एक हजार रुपए की सहयोग राशि तय की गई। 75 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स का विशेष सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए 25 सदस्यीय समिति बनाई गई। बैठक में संरक्षक नरसिंह मेवाड़ा, नेतराम राठौर, एसपी वारिया और कमल शर्मा ने भी विचार रखे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**हरदा।** जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे में नंदलाल उइके (55 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि उनके साथी रामशंकर परते गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। हादसा ग्राम बाजनिया के पास हुआ, जब शिवपुर के हाट बाजार से लौट रहे बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गए। अंधेरा होने के कारण बाइक चालक ट्रॉली को समय पर नहीं देख पाए और टक्कर हो गई। बाइक पर दो लोग सवार थे, जो अपनी यात्रा से घर लौट रहे थे। मृतक नंदलाल उइके को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी। बाइक चला रहे रामशंकर परते के चेहरे और सिर पर चोटें आईं, जिससे उनके सामने के दांत टूट गए। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें निजी वाहन से अस्पताल लेकर पहुंचे। दुर्घटना के कारण गंभीर चोटों से नंदलाल की रास्ते में ही मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में नंदलाल का पोस्टमार्टम कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### न्यायोत्सव के तहत 9 से 14 तक विधिक सेवा सप्ताह

**हरदा।** 9 से 14 नवंबर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह की श्रृंखला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विधिक सेवा सप्ताह विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं लोगों को कानूनी जागरूकता और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। इसमें मैराथन, बाईक रैलियां, कानूनी जागरूकता शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, और स्कूल व कॉलेजों में निबंध कानूनी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां शामिल हैं। सचिव जिला सेवा प्राधिकरण हरदा सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत 9 नवम्बर को कानूनी जागरूकता प्रदर्शनी एवं मैराथन, 10 नवम्बर को जिला जेल हरदा में कानूनी जागरूकता शिविर, 11 नवम्बर को विश्व शिक्षा दिवस जागरूकता अंतर्गत स्कूलों और कॉलेजों में कानूनी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम, 12 नवम्बर को ग्रामीण श्रमिक श्रेत्रों में जागरूकता शिविर, 13 नवम्बर को बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण और जागरूकता शिविर तथा 14 नवम्बर को न्यायोत्सव बाईक रैली का आयोजन किया जावेगा।

### बिजली के तार चोरी पर एफआईआर दर्ज

**हरदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा हरदा वृत्त के अंतर्गत ग्राम खामापड़वां में बिजली के तार चोरी करने वाले अज्ञात आरोपित के विरूद्ध थाना सिविल लाइन हरदा में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबंधक वितरण केन्द्र हरदा अरूण कुमार चंदेले ने बताया कि वितरण केन्द्र हरदा संभाग (दक्षिण) के ग्राम खामापड़वां में 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11 केवी कुल 13 खंभे कुकरावत पंप फीडर के एएसी रैकुन तीनों तार जिसकी लंबाई लगभग 0.91 किलोमीटर विद्युत लाइन जिसकी कीमत 2 लाख, 55 हजार रूपए है, के तार चोरी कर लिए गए हैं। चोरी की जानकारी मिलने पर कंपनी द्वारा पंचनामा तैयार कर 4 नवंबर को थाना सिविल लाइन हरदा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना सिविल लाइन हरदा द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 303(2) के अंतर्गत एफ.आई.आर. दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रबंध संचालक ने मैदानी कर्मचारियों और अधिकारियों को सजग रहने को कहा है, ताकि चोरी की घटनाएं न हों और बिजली कंपनी को आर्थिक हानि न हो। अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा है कि विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर रखें।

---

महापुरुषों द्वारा ईश्वर की सेवा की जाती है तो ईश्वर नाम भगवान के रूप में प्रकट होते

# श्रीराम कथा शुरू, भगवान के दर्शन संत दर्शन में: मदनमोहन महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

साधु नारियल के समान होते हैं जो ऊपर से तो कठोर नजर आते हैं लेकिन अंदर से उतनी ही कोमल हृदय होते हैं। इन महापुरुषों का जीवन परमार्थ के लिए होता है। सच कह तो साधु संत वास्तव में गंगा यमुना नर्मदा जैसी पवित्र नदियों, वृक्ष, पहाड़ों और पृथ्वी के समान होते हैं जो खुद तो अपने जीवन में कष्ट सह लेते हैं लेकिन प्राणी मात्र का कल्याण करने का सामर्थ रखते हैं। यह सब एक प्रकार से परोपकारी महात्मा ही है। साधु संतो के जीवन में कितने कठोर तप और साधनाएं होती है इसे सामान्य व्यक्ति देख और समझ नहीं सकता वह स्वयं तो भजन करते हैं और दूसरों को भोजन करते हैं। उनके तप और तपस्या से जो अमृत निकालकर आता है वह समाज को परोस देते हैं। उक्त विचार वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक मदनमोहन महाराज ने श्रीराम कथा के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। स्थानीय कच्छकड़वा पाटीदार भवन में आयोजित श्रीराम कथा का आज प्रथम दिवस था। श्रीराम कथा से पूर्व ब्रह्मलीन मस्तरामदास त्यागी महाराज की तपोभूमि आश्रम से श्रीरामचरितमानस ग्रंथ के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा साधु-संतों की अगुवाई में पूरे भक्ति भाव के भजनों की स्वरलहरियों के साथ नाचते गाते कच्छकड़वा पाटीदार भवन पहुंची। इस यात्रा में विभिन्न स्थानों से आए साधु-संत बग्घी पर सवार होकर तो वहीं कुछ यात्रा में श्रीराम नाम कीर्तन करते चल रहे थे। कथास्थल पर सील फाटा मुंबई से पधारे महामंडलेश्वर बाल योगी बालकदास महाराज, महामंडलेश्वर सीताराम दास महाराज मोहनपुर, संत रामसेवक दास महाराज चिड़ावा राजस्थान द्वारा व्यासपीठ का पूजन तथा श्रीरामचरितमानस ग्रंथ को व्यासपीठ पर विराजमान करते हुए कथा का शास्त्रोक्त विधि विधान से शुभारम्भ किया गया। श्रीराम कथा दौरान कथावाचक मदनमोहन महाराज ने कहा कि जब मैं हरदा आया और तपनिष्ट संत ब्राह्मण मस्तराम बाबा की तपोभूमि आश्रम पहुंचा तो वहां दंडवत प्रणाम करते ही एक आत्मसुख की अनुभूति हुई। जिस स्थान पर चातुर्मास श्रीसीताराम जाप चलें हो, जहां रामभक्त हनुमान महाराज का दिव्य विग्रह विराजमान हो और जिस स्थान पर मस्तराम बाबा जैसे त्यागी संत द्वारा तपस्या की गई हो वह स्थान वैसे ही पूजनीय हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थान को देखने उपरांत मुझे भक्तमाल का एक संस्मरण याद आ गया। जिस स्थान पर संत द्वारा तपस्या की गई हो और भक्तों द्वारा सीताराम कीर्तन किया गया हो वह स्थान अपने आप में किसी तीर्थ से काम नहीं है। महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्रम लिखाई की राम से बड़ा राम का नाम। श्री राम का नाम निर्गुण और शगुन दोनों से बढ़कर है। जब महापुरुषों द्वारा ईश्वर की सेवा की जाती है तो ईश्वर नाम भगवान के रूप में प्रकट होते हैं। वही भगवान का दर्शन संत दर्शन में होता है। कथा के प्रथम दिवस कुछ ही प्रसंगों और मंगलाचरण के साथ कथा को विश्राम दिया गया।

---

आज से सालभर कार्यक्रम

## समारोह पूर्वक मनाएंगे राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ

**हरदा।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की 150 वीं वर्षगाँठ को 7 नवंबर से अगले साल 7 नवंबर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। वंदेमातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए वर्षभर 4 चरणों में विभिन्न गतिविधियां व्यापक रूप से आयोजित की जाएगी। इस दौरान प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर (शुभारम्भ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर समापन सप्ताह के रूप में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालयीन, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी कर्मचारी, पुलिसकर्मियों, डॉक्टर्स, शिक्षकों, व्यवसायगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये है कि 7 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे जिला मुख्यालय, सभी तहसील व विकासखण्ड मुख्यालय में वंदेमातरम का सम्पूर्ण गायन सुनिश्चित किया जाए।

### मैराथन दौड़ आज

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन एवं जिला खेल और युवा कल्याण विभाग हरदा के तत्वाधान में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। रक्षित निरीक्षक रजनी सिंह गुर्जर ने बताया कि यह मैराथन दौड़ प्रातः 8:30 बजे से प्रताप चौक से प्रारंभ होकर नेहरू पार्क, बैंक ऑफ बड़ौदा, सब्जी मंडी, स्टेट बैंक, अंबेडकर चौक से होते हुए जिला न्यायालय के सामने ए.वी.एम मैदान स्थित शहीद स्मारक पर पहुँचेगी। स्मारक के सामने उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया जाएगा।

### डबल फाटक पर पुल निर्माण, भारी वाहन प्रतिबंधित

हरदा। टिमरनी मार्ग पर रेल्वे फाटक क्रमांक 204 डबल फाटक आर.ओ.बी. निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। गत दिवस रेल्वे अधिकारियों एवं जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में अवगत कराया गया है कि निर्माण कार्य के दौरान रेल्वे फाटक क्रमांक 204 से आने जाने वाले हेवी व्हीकल्स बस, ट्रक, डम्पर, ट्राला इत्यादि वाहनों की एन्ट्री आर.ओ.बी. निर्माण अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहेगी। शहर में टिमरनी-बैतूल मार्ग से आने वाले वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 59 उडा से पूर्व से होते हुए हंडिया रोड़ पर आयेंगे। इस दौरान शहर में आने वाले सभी टू-व्हीलर, फोर व्हीलर, ट्रेक्टर ट्रॉली वाहन पूर्व की भांति डबल फाटक से शहर में तथा शहर के बाहर जा सकेंगे।

---

बढ़ते हादसों को देखते हुए सख्ती

## सड़क पर आवारा मवेशी मिलने पर मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**हरदा।** सड़क पर आवारा पशुओं के कारण बढ़ते हादसों को देखते हुए प्रशासन सख्त हो गया है। गुरुवार को नगर पालिका ने सात पशु पालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के बाद की गई है।

नगर पालिका सीएमओ कमलेश पाटीदार ने बताया कि शहर की सड़कों पर घूमते बेसहारा पशुओं के कान में लगे टैग को स्कैन कर उनके पालकों की जानकारी जुटाई गई। इसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। मंगलवार रात को नगर पालिका के 20 कर्मचारियों ने प्रमुख चौराहों और सड़कों से 27 पशुओं को पकड़ा। इन पशुओं को नेहरू स्टेडियम में रखा गया और फिर ट्रक से चारुवा गोशाला भेजा गया। जिन सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने वालों में मनीष पिता शिवनारायण चौरे (डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड), मोहित पिता कैलाश शर्मा (चंद्रशेखर आजाद वार्ड), प्रेमनारायण पिता रामविलास (हरदाखुर्द), राजेंद्र पिता धन्नालाल त्यागी (चंदशेखर आजाद वार्ड), राहुल पिता श्याम सिंह सोलंकी (पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड), राहुल पिता रामदीन मेहरा (नहालखेड़ा) और विवेक पिता उमाशंकर बादर (जय प्रकाश नारायण वार्ड, हरदा) शामिल हैं। हालांकि, शहर में सैकड़ों ऐसे पशु भी हैं जिनके कानों में कोई टैग नहीं है।

ऐसे में नगर पालिका के सामने उनके मालिकों की पहचान करने की चुनौती है। सूत्रों के अनुसार, कुछ पशु पालक कार्रवाई से बचने के लिए पशुओं के कान काट रहे हैं ताकि टैग निकल जाए। कुछ पशु पालक यह दावा भी कर रहे हैं कि वे अपने पशु पहले ही बेच चुके हैं और यदि विभाग ने रिकॉर्ड अपडेट नहीं किया है तो वे इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

---

इंसिडेंट रेस्पॉस टीम व बोरवेल टास्कफोर्स को प्रशिक्षण दिया

## बोरवेल दुर्घटना में राहत व बचाव की तकनीक बताई

### कार्यक्रम होमगार्ड व एसडीईआरएफ के माध्यम से किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला एवं तहसील स्तर पर इंसिडेंट रेस्पॉंस टीम एवं बोरवेल टास्कफोर्स सदस्यों का गुरूवार को एक दिवसीय बोरवेल दुर्घटना राहत और बचाव तकनीक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बोरवेल दुर्घटना राहत और बचाव तकनीक विषय पर प्रशिक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम होमगार्ड व एसडीईआरएफ के माध्यम से किया गया। प्रदर्शन के दौरान बोरवेल दुर्घटना राहत और बचाव तकनीक विशेष पर प्रशिक्षण तथा बोरवेल में गिरे हुये बच्चे को बचाने के लिये इम्प्रोवाईज्य मैथेड से बनाये गये उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व जिला सेनानी होमगार्ड इन्दल उपनारे के मार्गदर्शन में जिला पंचायत कार्यालय हरदा में किया गया। प्रशिक्षण



में डॉ. रामकृष्णा गुर्जर ने बोरवेल दुर्घटना में गिरे बच्चों को प्रथमोपचार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर जे.एल. कोठारी ने बोरवेल दुर्घटना राहत और बचाव तकनीक विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड इन्दल उपनारे, प्लाटून कमाण्डर जे.एल. कोठारी, हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर सहित अन्य होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित थे।

---

जो भी कार्य करें, ठोस कार्य करें- साध्वी प्रेक्षा श्रीजी

## सबसे अच्छा मानवता में प्रवेश करना, जीवन ऐसा बनाएं की दुनिया हमें याद करें: साध्वी श्री प्रज्ञा श्रीजी

**खिरकिया।** समता भवन में विराजित शासन दीपिका श्री प्रज्ञा श्रीजी महाराज साहब ने विहार के अवसर पर कहा कि हमें अनंत-अनंत पुण्यवाणी से यह मानव भव मिला है। हम इसे व्यर्थ न गवाएं। धर्म- आराधना, साधना करके मानव भव को सार्थक बनाएं। हमें जीवन को ऐसा बनाना है कि दुनिया हमें याद करें। उन्होंने आगे कहा कि पांच इंद्रियां मिलना अच्छा है पर उससे अच्छा मानव शरीर को प्राप्त करना है और सबसे अच्छा मानवता में प्रवेश करना है ।

इसी प्रकार बोलना अच्छा है पर सत्य वचन बोलना उससे अच्छा है और सबसे अच्छा हित, मित, मधुर वचन बोलना है। इससे पूर्व श्री प्रेक्षा श्रीजी महाराज साहब ने कहा कि -विहार हमें संकेत देता है कि साधक वीतरागता की ओर कदम बढ़ाए। विहार में साधकों को अनेक परिषह को सहन करना पड़ता है ।साधकों के लिए विहार लगभग आठ माह का होता है। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें, ठोस कार्य करें। ठोस कार्य करने से इस दुर्लभ मनुष्य जीवन से कई रहस्य निकलते हैं । महाराज साहब आज विहार करके रमणलाल सांड के निवास पर पहुंचे ।उनके निवास पर बहूओं ज्योति, दीपाली, प्रियंका एवं दीपा सांड ने सामूहिक अभिव्यक्ति में कहा कि- मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल गए, सतिवर आए हैं । एसडीएम भगेल मैडम, राम खरबड़िया, डॉक्टर अखिलेश राजपूत सहित ग्राम नगर के श्रद्धालुओं ने दर्शन सानिध्य का लाभ लिया साथ ही नगर पंचायत अध्यक्ष इंद्रजीत कौर खनूजा ,जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन, शिवनारायण साध, महेंद्र खनूजा,दीपक माहेश्वरी आदि ने जन-जन के संतों के प्रति कृतज्ञता के भाव ज्ञापित किए।इस अवसर पर श्रावक-श्राविकाएं एवं श्रृद्धाशील उपासक उपस्थित थे। संचालन आशीष समदड़िया ने किया। सभी का आभार हरकचंद सांड ने माना।

---

## सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी के पूर्व छात्र राघव पहले प्रयास में सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया



सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी परिवार के लिए गर्व का क्षण! विद्यालय के पूर्व छात्र राघव जैन ने अपने पहले ही प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाउंडेशन परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।


विद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षकों ने राघव की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे शुभकामनाएँ दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राघव की यह सफलता उसके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन एवं निदेशकों ने भी राघव जैन को बधाई देते हुए कहा कि राघव जैसे विद्यार्थी हमारे विद्यालय की पहचान हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी सदैव अपने विद्यार्थियों के साथ है और हर संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है। विद्यालय परिवार ने राघव के निरंतर प्रगति और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी।

---

## ड्यूटी जॉइन करने से पहले जमोनिया तालाब में डूबा जेल प्रहरी, 18 घंटे बाद मिला शव

**पीएम कराकर परिजनों का सौंपा शव, भोपाल का रहने वाला था प्रहरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला जेल में पदस्थ प्रहरी अजय पठारिया की ड्यूटी जॉइन करने से ठीक पहले हादसे में मौत हो गई। मंगलवार शाम को जमोनिया तालाब में डूबे प्रहरी अजय पठारिया का शव बुधवार को 18 घंटे से अधिक की सघन तलाश के बाद बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 से सीहोर जेल में पदस्थ रोहित नगर भोपाल के निवासी प्रहरी अजय पठारिया मंगलवार शाम करीब पांच बजे पुलिस लाइन स्थित एक महिला आरक्षक के साथ जमोनिया तालाब घूमने गए थे। बताया गया कि तैरने और पानी के अंदर रहने की बात को लेकर हंसी मजाक के दौरान अजय अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। अजय की तीन दिन की छुट्टी बुधवार को खत्म हो रही थी और उन्हें आज ही ड्यूटी जॉइन करनी थी।

### निकाला शव

मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि मंगलवार शाम को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया था। बुधवार सुबह 7 बजे से एसडीआरएफ और होमगार्ड की टीम ने फिर से तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद सुबह 11 बजे के आसपास गहरे पानी वाले क्षेत्र से अजय पठारिया का शव बरामद कर लिया गया।

---

अध्यक्ष व व्यापारी गौर ने एक नई पहल की

## जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित करवाया रक्तदान शिविर, 58 यूनिट डोनेट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

नगर में गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 58 यूनिट रक्त युवाओं ने डोनेट किया। बढ़-चढ़कर लिया युवाओं ने हिस्सा लिया। बजरंग दल तहसील अध्यक्ष व व्यापारी नवीन गौर ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक नई पहल शुरू कर समाज को नई दिशा प्रदान की है। आजकल कई युवा जन्मदिन का जश्न मनाते हैं और पार्टी करते हैं। लेकिन नवीन गौर ने अपने जन्मदिन पर फिजूल खर्च ना करते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी का जीवन बच सके इसलिए शिविर आयोजित किया। मालूम हो कि आए दिन रक्त की आवश्यकता अस्पताल में लग रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन



करवाया। जिसका शुभारंभ संत सियाराम दास महाराज रहटगांव द्वारा किया गया। इस दौरान नवीन गौर और उनकी पत्नी प्रगति गौर भी रक्तदान किया। इसके साथ ही एक और दंपत्ति अमित गौर सबिता गौर ने भी जोड़े से रक्तदान किया। इसके अलावा नवीन की दादी और पिता के हाथों से कामधेनु गौशाला धनपाडा हेतु 1100रुपए, गायत्री परिवार हेतु 1100, बजरंग दल टीम रहटगांव को 1100रुपए, गौर समाज संगठन रहटगांव 1100 रुपए, सरदार पटेल परिषद हरदा फुलडी हेतु 1100 रुपए की राशि प्रदान किए। इस दौरान रामस्वरूप गौर, सत्यनारायण गौर,

विनय गौर, अमित गौर, संतोष गौर, कपिल, रत्नेश, उदय, विवेक ,विशाल,मुकेश, दुर्गेश इंजीनियर सिराली, जिला अध्यक्ष गिरजा शंकर राजपूत , गौर समाज जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण गौर, मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, माखन पटेल, पवन, कैलाश गौर परमानंद राजपूत, अमित और जय महाराणा रक्तदान समूह भारत हरदा, बजरंग दल टीम रहटगांव व अन्य लोग मौजूद रहे।